प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)
मुख्य समाचार

1. **झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के मधुकम इलाके में चल रही दखल–दिहानी की कार्रवाई पर लगाई रोक, कहा– हेहल अंचल अधिकारी जवाब दाखिल करे।**
2. **जेएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 का आयोजन 15 फरवरी से 17 परीक्षा केंद्रों पर, 200 मीटर दायरे में केंद्रों पर रहेगी निषेधाज्ञा लागू।**
3. **स्वास्थ्य मंत्री ने रांची में एक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।**
4. **वि□व रेडियो दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा– यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर, राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने भी दी भुभकामनाएं।**
5. **हजारीबाग जिले के गोंदवार गांव में जंगली हाथियों के हमले में छह लोगों की हुई मौत, प्रशासन ने स्थानीय लोगो से सतर्क रहने की अपील की।**

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के रातु रोड स्थित मधुकम इलाके में चल रही दखल–दिहानी की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। न्यायालय के इस आदेश से उन परिवारों को बड़ी राहत मिली है, जिनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा था। अदालत ने इस मामले में हेहल अंचल अधिकारी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर आधारित तकनीकी एवं विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 का आयोजन 15 से 21 फरवरी, 24 से 26 फरवरी तथा 28 फरवरी से 2 मार्च तक 17 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा के कदाचारमुक्त संचालन और विधि–व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रांची में एक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू–एनआईसीयू सहित बहु–विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए चैरिटी बेड की व्यवस्था की गई है। मंत्री ने कहा कि किडनी एवं लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों को विशेष पैकेज दिया जाएगा और झारखंड की जनता को सुलभ, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी श्रोताओं, प्रसारकों एवं इस माध्यम से जुड़े कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडियो ने दूरस्थ क्षेत्रों तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचाकर समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
इधर, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

****

रेडियो आज भी सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक प्रभावी माध्यम बना हुआ है। आकाशवाणी हजारीबाग के वरीय उद्घोषक राजीव कुमार ने कहा कि रेडियो ने भौगोलिक दूरियों को कम करने और लोगों तक सूचना पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के महान वीर योद्धा, लरका आंदोलन के प्रणेता तथा कोल विद्रोह के महानायक अमर शहीद वीर बुधु भगत की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि–कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत का बलिदान अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष की प्रेरणा देता है।

<u>********************</u>

राज्य के 48 नगर निकायों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान अब चरम पर है। रामगढ़ जिले में प्रत्याशियों का घर घर जाकर जन संपर्क अभियान तेज हो गया है। और जानकारी दे रहे है हमारे संवाददाता।

<u>********************</u>

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में होने वाले निकाय चुनाव अर्धसैनिक बलों की निगरानी में कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से जब–जब चुनाव हुए हैं, तब–तब गड़बड़ी की आशंका बनी रही है।

<u>********************</u>

हजारीबाग के चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में जंगली हाथियों ने 6 लोगों की जान ले ली। कल आधी रात करीब पांच हाथियों ने कच्चे घरों को रौंदते हुए छह ग्रामीणों को कुचल दिया। इलाके में प्रशासन की ओर से अनाउंसमेंट कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

<u>********************</u>

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग एक प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 814 अंक गिरकर 82,861 पर और निफ्टी 257 अंक गिरकर 25,551 पर आ गया।

<u>********************</u>

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

<u>*************</u>